# पाठ-योजना

**अध्यापिका/अध्यापक** :

**पुस्तक** : उड़ान हिंदी पाठमाला भाग-8

**विषय** : हिंदी — **दिनांक** : ......................

**उपविषय** : असाध्य एड्स, पाठ-11 — **अवधि** : 3-4 वादन

| पाठ संख्या | सुनना, बोलना और पढ़ना | चिंतन | लिखना | गतिविधियाँ | जीवन मूल्य तथा पारिवारिक, सामाजिक व राष्ट्रीय चेतना |
|---|---|---|---|---|---|
| 11. | प्रश्नोत्तर, शब्दार्थ, शुद्ध उच्चारण, व्याख्या करना, जानकारी प्राप्त करके बताना, वार्तालाप, चर्चा। | प्रत्यास्मरण, कारण, तर्क, निष्कर्ष निकालना, पारिभाषिक शब्द, चिंतनात्मक पठन, संदेश। | किसने, किससे कहा?, शुद्ध वाक्य, शब्द-समूह का मिलान, उपसर्ग, प्रत्यय, गद्यांश पर आधारित, अति लघु, लघु तथा निबंधात्मक प्रश्न। | संवाद, स्वास्थ्य विभाग के प्रचार ग्रहण करना, अन्य बीमारियों की जानकारी, एड्स से बचने के उपाय, अभियान। | एड्स की विस्तृत जानकारी, उपचार से बचाव उचित, उपहास और घृणा न करना। |

**सामान्य उद्देश्य** :
1. छात्रों में शुद्ध वाचन तथा पढ़ने-लिखने के कौशल का विकास करना।
2. अपने विचारों को सही प्रकार से प्रकट करने का ज्ञान व अभ्यास कराना।
3. वर्तनी संबंधी अशुद्धियों को दूर करने का प्रयास करना।
4. छात्रों के शब्द भंडार में वृद्धि करना।
5. प्रश्नों के उत्तर को भली-भाँति लिखने का अभ्यास कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य** :
1. इस पाठ के माध्यम से 'एड्स' के बारे में जानकारी देना तथा बचाव के उपाय बताना।
2. शुद्ध वाक्य, वाक्यांशों के लिए एक शब्द का ज्ञान कराना तथा शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग/प्रत्यय तथा मूल शब्द को अलग-अलग करवाना।

**सहायक सामग्री** : श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, चार्ट आदि।

**पूर्वज्ञान-परीक्षा** : अध्यापिका/अध्यापक छात्रों की पूर्वज्ञान परीक्षा लेने के लिए छात्रों से पूछेंगे कि आपने 'एड्स' का नाम सुना है? एड्स क्या है? एड्स के बारे में आप क्या जानते हैं? आदि।

**उद्देश्य-कथन** : अध्यापिका/अध्यापक प्रश्नों के उत्तर संतोषजनक या असंतोषजनक पाकर अपने उद्देश्य की घोषणा करेंगे कि बच्चो, आज हम 'असाध्य एड्स' पाठ-11 का अध्ययन करेंगे।

**कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से पाठ को दर्शाएँगे।

**शिक्षण-बिंदु** : 'असाध्य एड्स' पाठ-11 के प्रश्नों के उत्तर छात्रों की सहायता लेते हुए कराए जाएँगे।

| अध्यापिका/अध्यापक क्रियाएँ | छात्र-क्रियाएँ |
|---|---|
| प्र.1. आदिल क्यों रो रहा था? | उ. जतिन और मयंक आदिल को 'एडिल' कह कर चिढ़ा रहे थे। इसलिए आदिल रो रहा था। |
| प्र.2. डॉ॰ अय्यर कौन थे? | उ. डॉ॰ अय्यर स्वास्थ्य अधिकारी थे। |
| प्र.3. किस दिन एड्स दिवस होता है? | उ. 1 दिसंबर को एड्स दिवस होता है। |

**पाठ पढ़ाने के पश्चात–**

**मौखिक** : सर्वप्रथम अध्यापिका/अध्यापक कठिन शब्दों का उच्चारण कराएँगे तथा पाठ से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछेंगे।

जैसे– प्र. इस रोग से बचने के लिए सही जानकारी ही एकमात्र उपाय है, क्यों?

उ. इस रोग से संबंधित जानकारी के अभाव में हम रोग ग्रस्त हो जाते हैं। क्योंकि इस रोग से बचने के लिए सावधानी बरतनी एकमात्र उपाय है।

इसी प्रकार से सभी प्रश्नों को मौखिक रूप में पूछेंगे।

**लिखित** : प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में करवाने से पहले मौखिक रूप में पूछेंगे। तत्पश्चात लिखवाएँगे।

1. **कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से किसने, किससे कहा? वाले वाक्यों से संबंधित अंशों को दर्शाएँगे। तत्पश्चात उचित उत्तर में ✓ का निशान लगवाएँगे।
2. शुद्ध वाक्यों में ✓ का निशान लगवाएँगे।
3. वाक्यांशों के लिए एक शब्द से मिलान करवाएँगे।
4. शब्दों में से उपसर्ग/प्रत्यय तथा मूल शब्दों को अलग-अलग करवाएँगे।
5. संकेत गद्यांश को पुनः पढ़वाएँगे। तत्पश्चात प्रश्नों के उचित उत्तर में ✓ का निशान लगवाएँगे।
6. **कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर से संबंधित अंशों को दशाएँगे। तत्पश्चात अति लघु, लघु तथा निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखवाएँगे।

**आओ अब कुछ बात करें** : एड्स से संबंधित विषय पर संवाद कराएँगे।

**परियोजना निर्माण** : 'एड्स' के खिलाफ़ अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

'एड्स' का चिह्न और बचाव के उपाय चार्ट पर लिखने के लिए कहेंगे।

**निष्कर्ष** : बच्चों ने एड्स के बारे में जाना तथा इस रोग से बचने के उपाय को भी जाना।

शुद्ध वाक्य तथा वाक्यांशों के लिए एक शब्द का भी ज्ञान प्राप्त किया तथा शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग/प्रत्यय तथा मूल शब्दों को अलग-अलग करने का अभ्यास किया।

**कक्षा-कार्य निरीक्षण** : अध्यापिका/अध्यापक कक्षा में छात्रों को लिखवाए गए प्रश्नों के उत्तर का निरीक्षण करेंगे तथा अशुद्धियों को ठीक कराएँगे।